भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 613 का उत्तर

वाशिम-यवतमाल और परभणी को जोड़ने वाली वंदे भारत रेलगाड़ियां

613. श्री संजय उत्तमराव देशमुख:
श्री संजय हरिभाऊ जाधव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में वर्तमान में कितनी वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ चल रही हैं और उनके रेल मार्ग, आवृत्ति और उनके प्रारंभ होने के वर्ष का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वाशिम-यवतमाल और परभणी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में अन्य शहरों को जोड़ने वाली वंदे भारत रेलगाड़ियाँ शुरू करने के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हाँ, तो इस बारे में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(घ) नए वंदे भारत रेल मार्गों के चयन के लिए अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस विषय में महाराष्ट्र की आंतरिक और अंतरराज्यीय संपर्क की आवश्यकता का ध्यान रखा गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) महाराष्ट्र में वंदे भारत से संबंधित अवसंरचना के साथ-साथ स्टेशन अनुरक्षण, डिपो और परिचालन सुविधाओं संबंधी आवंटित की गई और व्यय की गई कुल निधि कितनी है; और

(छ) उक्त योजना के प्रारंभ होने के बाद से इस अंतर्गत किए गए आवंटन और व्यय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): चूँकि रेल नेटवर्क राज्यों/संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं से परे फैला हुआ है, अतः नेटवर्क की आवश्यकतानुसार रेलगाड़ियां इन सीमाओं के आर-पार चलायी जाती हैं।

वर्तमान में भारतीय रेल द्वारा 164 वंदे भारत ट्रेन सेवाएँ चलाई जा रही हैं। इनमें से निम्नलिखित 24 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएँ (प्रारंभ/गंतव्य के आधार पर) महाराष्ट्र राज्य में स्थित विभिन्न स्टेशनों को सेवा प्रदान कर रही हैं:

क्रम	गाड़ी संख्या और नाम	शुरु करने की तिथि	बारंबारता
1	26101/26102 पुणे-अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस	11-08-2025	सप्ताह में 6 दिन
2	20101/20102 नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस	19-09-2024	सप्ताह में 6 दिन
3	20669/20670 हुबली-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस	18-09-2024	सप्ताह में 3 दिन
4	20673/20674 श्री छत्रपति शाहू महाराज (टर्मिनस) कोल्हापुर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस	18-09-2024	सप्ताह में 3 दिन
5	22961/22962 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस	09-03-2024	सप्ताह में 6 दिन
6	20705/20706 हजूर साहिब नांदेड़ छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस	30-12-2023	सप्ताह में 6 दिन
7	22229/22230 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मिनस)-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस	28-06-2023	सप्ताह में 6 दिन
8	20911/20912 इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस	27-06-2023	सप्ताह में 6 दिन
9	22223/22224 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मिनस)-साईनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस	11-02-2023	सप्ताह में 6 दिन
10	22225/22226 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मिनस) - सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस	11-02-2023	सप्ताह में 6 दिन
11	20825/20826 बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस	12-12-2022	सप्ताह में 6 दिन
12	20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस	30-09-2022	सप्ताह में 6 दिन

परभनी के यात्रियों की सुविधा हेतु 20705/20706 जलना-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस को दिनांक 28.08.2025 से परभनी होते हुए हजूर साहिब नांदेड़ तक बढ़ाया गया है। बहरहाल, किसी भी मार्ग/रेलखंड पर वंदे भारत समेत नई गाड़ियों की सेवाएँ प्रारम्भ करना निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है:

- उस खंड की क्षमता,
- पथ की उपलब्धता,
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता,
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता,
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मंडल कार्यालय आदि विभिन्न स्तरों पर संसद के सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि द्वारा विभिन्न गाड़ियों जिसमें वंदे भारत और उनके विविध प्रकार की गाड़ियों को प्रारम्भ करने हेतु औपचारिक एवं अनौपचारिक, प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूँकि ऐसे प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव प्राप्त होना एक सतत एवं गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए उनका केंद्रीकृत संकलन नहीं रखा जाता। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और समय-समय पर व्यवहार्य एवं उपयुक्त कार्रवाई की जाती है।

वंदे भारत गाड़ियों से संबंधित अवसंरचना सहित कुल अवसंरचना पर होने वाला व्यय रेलवे के समग्र अनुरक्षण और उन्नयन कार्यों के व्यय का हिस्सा है और यह राजस्व एवं पूंजी दोनों के अंतर्गत किया जाता है।

*****